Vardaan FOUNDATION

# कोशिश...

समाधान की, सुरक्षा की एवं जागरूकता की...

## जागरूकता ही विकल्प



## #VTH1M #MISSION VTH

## #FIGHT AGAINST ROAD ACCIDENT

## वरदान टोटल हेल्प

# यातायात महा जागरुकता अभियान का हिस्सा बने।







प्रिय मित्रों,

किसी भी पीड़ित व्यक्ति की पॉकेट में VTH कार्ड व दुर्घटना ग्रस्त वाहन पर यह स्टीकर लगा देंखे तो तत्काल दिए गए हेल्पलाइन नम्बर पर सूचित करें। जिससे पीड़ित को तत्काल राहत एवं परिजनों को सूचित किया जा सके। आपके इस सहयोग से हो सकता है किसी की जान बचाई जा सके।

धन्यवाद।













**जीवन अनमोल है,कृपया सतर्क व सुरक्षित रहे एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु अपना सहयोग प्रदान करें।**



कृष्णा शर्मा (महासचिव)

# "जागो और जगाओ, यातायात नियम अपनाओं"

वर्तमान समय में आज संपूर्ण विश्व में हमारा भारत देश अपनी तकनीकी एवं उद्योगिकी के कारण दिन प्रतिदिन विकास की गति को निरंतर बनाये रखे हुए है, और यह हमारे लिए गर्व की बात है, लेकिन इस बढती हुई विकास की गति में एक अवरोध सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं के बड़ते हुए आंकडे भी है अगर आने वाले समय में इन्हें कम करने के लिए सार्थक प्रयास नहीं किये गए तो शायद हमारे देश में तकनीकी तो होगी पर इस्तेमाल करने वालों की संख्या में कमी होगी, जनसंख्या, उद्योगीकरण, शहरीकरण और उन्नत परिवहन प्रौद्योगिकी के तेजी से विकास के कारण अधिक से अधिक वाहन दैनिक मानव मांगों को पूरा करने के लिए सड़कों पर आ रहे हैं। इन दिनों लगभग हर व्यक्ति नियमित कार्यों के लिए अनिवार्य रूप से वाहनों पर निर्भर करता है। पर्याप्त सड़क संरचनात्मक सुविधाओं की कमी, ड्राइविंग में उचित कौशल और यातायात नियमों की अनभिज्ञता के कारण, हमें अपने जीवन और संपत्ति के संबंध में बहुत सारी समस्याओं और जोखिमों का सामना करना पड़ता है। आज सड़क पर होनी वाली दुर्घटना एक आम बात है, अगर हम आंकड़ो की बात करें तो प्रतिदिन 400 से भी ज्यादा एक्सीडेंट मे लोग अपनी जान गवां देते हैं| और 2022 के आंकडे और भयावय आये जो कि प्रतिदिन 417 दुर्घटनाओं को दर्शाते है |

हम प्रयास रत है कि इन आंकड़ों को हम जन जागरूकता के माध्यम से कम कर सके, मैं वरदान फाउंडेशन की समस्त टीम का आभार व्यक्त करता हूँ|

## एक प्रयास एक सपना,
## सड़क दुर्घटना मुक्त हो भारत देश अपना

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान
# हेतु उत्तर प्रदेश की सरकार भी सक्रिय

## मुख्यमंत्री जी



**ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने सड़क दुर्घटनाओं के वास्तविक कारणों की सही जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सड़क दुर्घटना जाँच योजना अधिसूचित की है। इस योजना के अन्तर्गत तीन या तीन से अधिक मृत्यु वाली दुर्घटना की अनिवार्य जांच जनपदीय दुर्घटना जाँच समिति के माध्यम से की जानी है। इस व्यवस्था का प्रभावी क्रियान्वयन जनपद एवं राज्य स्तर पर समस्त सम्बन्धित विभागों द्वारा अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।**

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारणों में खराब रोड इंजीनियरिंग के अलावा, ओवरस्पीडिंग, ओवरलोडिंग, सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग न करना और नशे की स्थिति में वाहन चलाना प्रमुख हैं। कानपुर नगर, आगरा, प्रयागराज, अलीगढ़, बुलन्दशहर, मथुरा जैसे बड़े शहरों में सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। एक्सप्रेस-वे अथवा राष्ट्रीय राजमार्गों से जुडे इन शहरों को केन्द्रित कर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमें ड्राइविंग टेस्टिंग एवं ट्रेनिंग पर भी फोकस करना होगा| इसी उद्देश्य से 15 मण्डलीय जनपदों में ड्राइविंग टेस्टिंग एवं ट्रेनिग इंस्टिट्यट (डी0टी0टी0आई0) निर्मित कराये गए है। मारुति सुजुकी के साथ अयोध्या, गोरखपुर, प्रयागराज, मथुरा एवं वाराणसी के डी0टी0टी0आई0 के ट्रैक ऑटोमेशन हेतु एम0 ओ0 ए0 हस्ताक्षरित हो चुका है। आगामी एक वर्ष में प्रदेश के सभी जनपदों में ड्राइविंग टेस्टिंग के 3 ऑटोमेशन की शत-प्रतिशत व्यवस्था सुनिश्चित करने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जाए। सड़क सुरक्षा की महत्ता के दृष्टिगत प्रत्येक जनपद में ए0आर0टी0ओ0 रोड सेफ्टी की तैनाती की जानी चाहिए। इस सम्बन्ध में पदों के सृजन का प्रस्ताव यथाशीघ्र भेजा जाए। अन्य जहां कहीं मानव संसाधन की कमी हो उसे तत्काल पूरा करें। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वाहन चलाने वाले हर व्यक्ति को यातायात नियमों का अनुपालन करना होगा। इस बारे में जागरूकता और प्रवर्तन, दोनों की कार्यवाही की जाए। पहले जागरूक करें, पुनः उल्लंघन होने पर पेनाल्टी लगाएं फिर भी यदि उल्लंघन हो तो ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया जाए। इस व्यवस्था को कड़ाई से लागू किया जाए।



✍️पं. कृष्ण कुमार तिवारी
(समाजसेवक, युवा पत्रकार )
(प्रदेश अध्यक्ष VTH M.P.)

सड़क दुर्घटना एक ऐसी दुर्घटना, जिसके बारे में हमें पता होता है फिर भी उसी रस्ते पर हम चले जाते हैं। हमारे भारत में जितनी बेवकूफी सड़क दुर्घटनाओं को लेकर की जाती है, उतनी किसी देश में नहीं होती है। अगर सभी सावधानियों को बरतते हुए ड्राइविंग करेंगे, तो हमारे भारत में भी सड़क दुर्घटना के किस्से कम हो जाएंगे। वर्ल्ड बैंक के मुताबिक, भारत में हर 4 मिनट में सड़क हादसे में एक मौत हो जाती है. नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (NCRB) की रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में देशभर में 4.03 लाख से ज्यादा सड़क हादसे हुए थे. इनमें 1.55 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी. यानी, हर दिन 426 से ज्यादा लोगों की जान सड़क हादसे में चली गई.आखिर ऐसा क्यों है? अगर हम थोड़ी सी सावधानी को ध्यान में रखते हुए ड्राइविंग करेंगे तो सड़क दुर्घटनाएं अपने आप ही कम हो जाएंगी ।आखिर क्यों होती है इतनी सड़क दुर्घटनाएं? सबसे बड़ा प्रश्न यह उठता है, कि इतनी सड़क दुर्घटनाएं क्यों होती हैं? शायद इसका जवाब हम सभी जानते हैं, बस उस चीज को करने में कतराते हैं। सरकार सभी लोगों से अनुरोध करती रहती है, कि कृपया बाइक चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करें, कार चलाते समय सीट बेल्ट का ध्यान रखें, अन्यथा आपका चालान कट जाएगा। यह सरकार अपने लिए नहीं करती है, या किसी चालान काटने के लिए नहीं करती है, बल्कि इसीलिए करती है, कि पब्लिक सुरक्षित रहे। क्योंकि पब्लिक तो अपनी सुरक्षा का ध्यान रखती ही नहीं है, तो इसका जिम्मा किसी ना किसी को तो उठाना ही पड़ेगा। परंतु पब्लिक फिर भी सरकार को ही दोष देती है, कि सरकार ने इतने चालान बढ़ा दिए हैं।सड़क दुर्घटना के क्या-क्या कारण हैं? सबसे बड़ा सड़क दुर्घटना का कारण यही है, कि लोगों में अनुशासन नहीं है। अगर हमारे लिए नियम और कायदे बनाए गए हैं, कि हमें हेलमेट लगाना है। सीट बेल्ट पहने नहीं है, तो हम वह नियम कायदे क्यों नहीं मानते हैं? अगर हम नियम कायदे नहीं मानेंगे, तो जाहिर सी बात है, हम दुर्घटना से संभावित जरूर होंगे, और हमें इसके चलते गंभीर चोटे जरूर आएंगे, हो सकता है, हमारी जान भी चली जाए। सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटना रेलवे क्रॉसिंग पर देखने को मिलती है। लोगों को वहां से जाने की इतनी जल्दी होती है, कि वह फाटक खुलने तक का भी इंतजार नहीं करते हैं। बल्कि फाटक के नीचे होकर अपनी बाइक और साइकिल निकालने का प्रयत्न करते हैं। जिसकी वजह से अगर अचानक से ट्रेन आ जाती है, तो वह दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। अगर हम कहें किसी जगह 5 या 10 मिनट लेट पहुंचते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं है, कि कोई हमें फांसी पर चढ़ा देगा, ऐसा नहीं होता है, हमें सबसे जरूरी यह चाहिए कि, हम अपनी जान को जोखिम में ना डालें भले ही हम देरी से क्यों ना पहुंचे।
अगर आपको अनुशासन का इतना ही ख्याल है, कि हमें अपने दफ्तर या ऑफिस में टाइम पर पहुंचना है, तो आपको चाहिए कि आप घर से कम से कम 10 से 15 मिनट पहले निकले इससे आप जल्दी भी पहुंचेंगे और आप खुद के लिए जल्दी भी नहीं करेंगे अपने आप को क्षति ग्रस्त होने से बचा सकेंगे।

हमें समाज में सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जागरूकता लेन की एवं निरंतर जागरूकता कार्यक्रमों को संचालित करने की, अगर हम चाहे तो सड़क दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। रोज ना जाने कितने परिवार खत्म होते हैं, रोज ना जाने कितनों के अपने प्यारे सदस्य खत्म हो जाते हैं। सिर्फ सड़क दुर्घटना की वजह से हमें चाहिए कि हम सरकार के नियमों का पालन करें उनका उल्लंघन ना करें। अगर हम अपने अनुशासन में रहकर ड्राइविंग करते हैं, तो सड़क दुर्घटना की संभावना बहुत कम हो जाएगी और धीरे-धीरे हम इस समस्या से निजात पा सकेंगे।
धन्यवाद




DHARMENDRA KUMAR
TAX ADVOCATE
M.Com., L.L.B.
ADVOCATE
9307622041
6393713511
# DHARMENDRA & ASSOCIATES
- GST REGISTRATION
- GST RETURN FILE
- INCOME TAX RETURN FILE
- ACCOUNT BOOK MAINTAIN
- PAN CARD
- MSME REGISTRATION

ADDRESS: SHOP NO.34, RATAN LAL NAGAR, NALA ROAD, KANPUR
Email: gstoffice9307@gmail.com

## हमारे प्रयासों की सक्रियता देखकर कुछ समाज सेवियों व् संगठनों ने भी VTH1M का समर्थन किया | आप सभी का बहुत बहुत आभार |



कृष्ण मोहन श्रीवास्तव
(राष्ट्रीय उपाध्यक्ष)
आल मीडिया प्रेस क्लब

**वरदान फाउंडेशन कानपुर द्वारा चलाए जा रहे अभियान** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा का हिस्सा बनकर देशव्यापी कार्यक्रम में सम्मिलित हो| आज देश में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन व् जागरूकता की आवश्यकता है जिससे दुर्घटनाओं को कम किया जा सके| मैं कृष्ण मोहन श्रीवास्तव आल मीडिया प्रेस क्लब परिवार की तरफ से वरदान फाउंडेशन के उज्जवल भविष्य के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं|



डॉ अरुण कुमार

कई बार वाहन चलाते हुए वाहन चालक के पास ना तो वाहन के पेपर , बीमा व् लाइसेंस भी नहीं होता इस स्थिति में जब भी कोई वाहन रोकता है या पकड़ता है तो वाहन के पेपर में जो भी कमियां है वह आरटीओ को तुरंत व्यवस्थित करानी चाहिए, यदि वाहन चालक अगर हेलमेट नहीं पहने तो तुरंत ही हेलमेट उपलब्ध कराना चाहिए ना की जुर्माना करना चाहिए | जो भी कमी है उन्हें तुरंत पूरा करना चाहिए|




डॉ आलोक सिंह

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु वरदान फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की मैं सराहना करता हूं और संस्थान की विचारधारा से जुड़कर मैं भी समाज को सुरक्षित व जागरूक रखने का प्रयास करूंगा, दुर्घटनाओं के कुछ कारणों में सड़क निर्माण की लापरवाही भी सामने आती हैं जो की दुर्घटनाओं को जन्म देती है अभी भी हमारे शहर में 15 से 20 स्पॉट ऐसे हैं जो दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते हैं युवाओं में जागरूकता बनी रहे इसके लिए परिजनों और शिक्षण संस्थानों को भी आगे आने की आवश्यकता है जैसा कि आंकड़े बताते हैं की दुर्घटनाओं का शिकार सबसे ज्यादा युवा वर्ग हो रहा है इसलिए युवाओं से यह आवाहन है कि अत्यधिक तेज गति से न चले व् नसे की हालत में वाहन ना चलाएं, समाज सुधार हेतु एक अच्छे कार्यकर्ता के रूप में अपना अपना विचार व श्रमदान बिना किसी डर व् हिचक के आवश्यक करना चाहिए|



वरदान फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान बहुत ही सराहनीय है हम सभी लोग को वाहन चलाते समय सावधानी बरतना चाहिए, विशेष रूप से हाईवे पर वाहन चलाते समय स्पीड का विशेष ध्यान रखें व हेलमेट जरूर पहनें, गाड़ी को सही अवस्था में रखें जिससे दुर्घटना होने की संभावना कम हो सके, रात में विशेष रूप से वाहन चलाते समय ध्यान रखें कुछ जगह ब्लैक स्पॉट के नाम से जानी जाती हैं उन स्थानों पर सावधानी रखने की आवश्यकता है



**डॉ अभिषेक दीक्षित**



**संजय शर्मा (संपादक)**

**खुलासा कानपुर समाचार पत्र**

मेरा ऐसा मानना है कि वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए स्वयं की सुरक्षा के लिए ना की चालान से बचाने के लिए मेरे साथ वाहन चलाते समय कुछ हादसे हुए जोकि मेरी सजकता के कारण मैं स्वयं को सुरक्षित कर पाया मैं सभी युवाओं से आग्रह करता हूं कि स्वयं की सुरक्षा के लिए हेलमेट अवश्य लगायें बढ़ती दुर्घटनाओं के लिए कहीं ना कहीं खराब सड़क भी जिम्मेदार है जिसके लिए सरकार को आगे आकर सड़क व्यवस्था को भी दुरुस्त करने की आवश्यकता है|

मेरे विचार से वाहन चलाने वाले हर व्यक्ति को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के सूत्र को अपनाना चाहिए| दो पहिया वाहन चलाने वालों को हेलमेट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए एवं चार पहिया वाहन चालक को सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करना चाहिए| भारी वाहनों को छोटे वाहन चालकों को रास्ता अवश्य देनी चाहिए | नियंत्रित गति से वाहन चलाना चाहिए, स्पीड लिमिट के अनुसार व नशा करके वाहन कभी भी नहीं चलाना चाहिए | सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल करना, इसलिए मोबाइल का इस्तेमाल बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए एवं यातायात नियमों के पालन करना चाहिए |



**एस के दीक्षित**








# सतर्कता, सजगता एवं जागरूकता ही विकल्प



## कानपुर नगर दक्षिण की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाने में सक्रियता दिखाते !

## टी आई मनोज श्रीवास्तव

### सुगम यातायात के 5 सूत्र

1- शिक्षा 2- प्रवर्तन 3- इंजीनियरिंग 4- पर्यावरण 5- आपातकालीन देखभाल




## सुगम यातायात के लिए वाहन चालकों को भी जागरूक रहने की आवश्यकता है

सड़क पर चलते समय हम अक्सर जल्दबाजी के कारण दुर्घटना का शिकार हो जाते है, दूसरे वाहन चालकों को वही सम्मान दे जो आप खुद के लिए चाहते है | गलत दिशा में चलने से बचें, आपकी सजगता ही यातायात को सुगम बना सकती है| वरदान फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे कार्य अत्यंत सराहनीय है|

**मनोज श्रीवास्तव (टी आई)**



# यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में वरदान फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा किये गए प्रयास











**खुद को भी समझना है और दूसरों को भी समझाना है**
**यातायात नियमों को अपनाना है दुर्घटनामुक्त भारत बनाना है**
**#VTH1M**






# समाज सेवी संगठनों ने भी संस्थान दवारा किये जा रहे जागरूकता अभियान में अपना समर्थन प्रदान किया




मुझे वरदान फाउंडेशन के बारे में जानकर बहुत ही खुशी हुई, एकमात्र संस्थान जो की सड़क दुर्घटनाओं को दिन प्रतिदिन कम करने का प्रयास कर रहा है इस महान कार्य में हम सब लोग अगर कुछ नही कर सकते तो कम से कम एक शपथ तो ले ही सकते है कि हम सभी भारत वासी शपथ ले की आज से हम यातायात नियमो का पालन करेंगे,अपनी बात को कुछ इस तरह मैं कहना चाहता हूं **ये जिंदगी हसीं है ,इसे प्यार करो, अभी है रात,तो सुबह का इंतजार करो, जब भी चलो सड़क पर तो यातायात नियमों के अनुसार चलो|**

**निर्देश यादव संस्थापक (बी एन टेक्नोलॉजी)**

## जागो और जगाओ, यातायात नियम अपनाओ




सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत संस्था वरदान फाउंडेशन द्वारा यातायात जागरूकता हेतु बैठक गुजैनी कार्यालय में आयोजित की गई। मुख्य अथिति टी आई दक्षिण कानपुर मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं विशिष्ठ अथिति उमाशंकर त्यागी राष्ट्रीय महामंत्री नेशनल मीडिया प्रेस क्लब व विश्व हिंदू सेवा संघ से शैलेंद्र पांडे उपस्थित रहे। सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु संस्था द्वारा विगत कई वर्षों से यातायात जागरुकता कार्यक्रम संचालित किए जाते रहे साथ ही ऐसे सदस्यों को प्रशिक्षित करने का भी कार्य किया जा रहा है जो की यातायात व्यवस्थाओं को सुदृण व जाम से निजात दिला सकें। इसी क्रम में संस्था वरदान फाउंडेशन द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत आज कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे मनोज कुमार श्रीवास्तव टीआई दक्षिण कानपुर नगर द्वारा यातायात को सुगम बनाने के लिए संस्था के सदस्यों को जानकारियां प्रदान की गई। साथ ही जागरूकताओं के माध्यम से लोगों तक यातायात नियमों के पालन हेतु अभियान को सुचारू रूप से कैसे संचालित किया जाए उसके लिए विचार रखे|






# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (रजि॰)

## भी सहयोग कर रही है सड़क सुरक्षा अभियान में।






**सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के नेतृत्व** में वरदान फाउंडेशन द्वारा निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं ताकि सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। संस्था वरदान फाऊंडेशन के महासचिव कृष्णा शर्मा व समस्त सदस्यों द्वारा आज एक बैठक आहूत की गई। जिसमे राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की जिला कमेटी ने अपना समय प्रदान किया। जिला संगठन महामंत्री अनुराग गुप्ता जी द्वारा कई ऐसी जानकारियां दी गई जो की सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु कारगर होंगी। जिले की नवीन कमेटी राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद् के समस्त सदस्यों को नियुक्त पत्र प्रदान करने के साथ यातायात नियमों के पालन हेतु शपत भी ग्रहण कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमल कटियार राष्ट्रीय अध्यक्ष वरदान फाउंडेशन द्वारा की गई। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अशोक पासवान राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद द्वारा यातायात नियमों के पालन हेतु अग्रिम कार्यक्रमों के लिए भी विचार किए गए। वरदान फाउंडेशन के प्रदेश संरक्षक संजय शर्मा जी द्वारा बताया गया की हमे जागरूकता हेतु निरंतर प्रचार के माध्यम से समाज तक अपनी बात बताने की आवश्यकता है। जिसके लिए हमे टैंपो स्टैंड और भारी वाहन पर जागरूकता स्टीकर चस्पा किए जाए। समस्त पधाधिकारी द्वारा अपनी बात रखी गई । राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री द्वारा आगामी फरवरी को राष्ट्रीय अधिवेशन में जिला कानपुर कमेटी का शत प्रतिशत देने की भी बात कही। कार्यक्रम में मौजूद रहे। वरदान फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के समस्त सदस्य।



# रोड सेफ्टी थीम पर कला प्रतियोगिता का आयोजन



**सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के नेतृत्व में वरदान फाउंडेशन** द्वारा आयोजित अभियान जागो और जगाओ,यातायात नियम अपनाओ के तहत देहली सुजान पर स्थित पी एल डी इंटर कॉलेज में सनसिटी कंपनी के संयुक्त तत्वाधान में रोड सेफ्टी थीम पर कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साह देखने को मिला। सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु संस्था वरदान फाउंडेशन द्वारा निरंतर समाज को जागरूक करने हेतु प्रयास किए जा रहे है। इसी कड़ी में कला प्रतियोगिता का आयोजन पीएलडी इंटर कॉलेज में किया गया जिसमे बच्चों ने सड़क सुरक्षा थीम पर अपने विचारों को आर्ट शीट पर उकेरा। विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार मिश्रा जी द्वारा 45 मिनट की प्रतियोगिता में उचित व्यवस्था व प्रबंधन समिति के अध्यापकों का भी सहयोग मिला। प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार जी द्वारा कार्यक्रम की सराहना व बच्चों की सड़क सुरक्षा नियमों से भी अवगत कराया गया। प्रतियोगिता उपरांत समस्त प्रतियोगियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए एवम प्रतियोगिता में विजेता रहे तृतीय स्थान पर एंजल शर्मा, द्वितीय स्थान पर नंदिनी गुप्ता व प्रथम स्थान खुशी ने प्राप्त किया। तीनों उत्तीर्ण प्रतिभागियों को सन सिटी कंपनी के वरिष्ठ सदस्यों प्रेम तिवारी, सुमित तिवारी जी द्वारा प्रशस्ति पत्र व उपहार प्रदान किए गए एवं उनके द्वारा वरदान फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की गई।विद्यालय प्रबंधन समिति को सन सिटी गिफ्ट कूपन प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद रहे प्रधानाचार्य महेंद्र कुमार मिश्रा,अजय कुमार शुक्ला कार्यवाहक पहल प्रतियोगिता,कृष्णा शर्मा महासचिव वरदान फाउंडेशन एवं प्रबंधन समिति से अध्यापक अनिल कुमार सिंह,श्रीमती माया अवस्थी,श्रीमती आरती विश्वकर्मा एवं सुश्री आकांक्षा तिवारी।

**(PLD INTER COLLEGE)**

## किंग्सटन पब्लिक स्कूल में रोड सेफ्टी थीम पर कला प्रतियोगिता का आयोजन।




**सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के नेतृत्व में वरदान** फाउंडेशन द्वारा आयोजित जागो और जगाओ यातायात नियम अपनाओ के तहत प्रोजेक्ट पहल के अंतर्गत कला प्रतियोगिता का आयोजन किंग्सटन पब्लिक स्कूल में किया गया संस्थान वरदान फाउंडेशन द्वारा बच्चों में ट्रैफिक विषयों को लेकर जानकारियां प्रदान की जाएं ताकि सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सके।गांधीग्राम स्थित किंग्सटन पब्लिक स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति के सहयोग से कक्षा 5 से 8 क्लास तक के बच्चों ने कला प्रतियोगिता में प्रतिभा किया और रोड सेफ्टी थीम पर कैनवास पर सड़क दुर्घटना से बचाव और ट्रैफिक नियमों की जानकारी को आर्ट सीट पर उकेरा, कला प्रतियोगिता में 51 बच्चों ने प्रतिभा किया जिसमें 45 मिनट की प्रतियोगिता के बाद में सभी प्रतिभाग करने वाले बच्चों को संस्था वरदान फाउंडेशन की टीम के माध्यम से प्रशस्ति पर प्रदान किए गए और प्रथम द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के सैनसिटी कंपनी सहयोगी संस्थान वरदान फाउंडेशन द्वारा उपहार भेंट किया गया साथ में प्रधानाचार्य जी के माध्यम से बच्चों को सड़क सुरक्षा के विषय में जानकारियां प्रदान, सुमित तिवारी जी के माध्यम से बच्चों में सड़क दुर्घटनाओं और ट्रैफिक नियमों पर प्रति जानकारियां प्रदान की गई।

**KINGSTON PUBLIC SCHOOL**

# संस्थान द्वारा संचालित किये गए कार्यक्रमों की कुछ स्मृतियाँ



शुभम एजुकेशन सेंटर महाराजपुर



दी कैंडी टफ स्कूल




ॐ सरस्वती विद्या मंदिर



हस्ताक्षर अभियान बर्रा बाई पास



प्रधानाचार्या गुरु हर राय अकादमी



कार्तिक गर्ग निदेशक recycle city



Cmo श्री मान आलोक रंजन जी



यातायात माह नवम्बर 2024

## सजगता ही बचाव : टी एस आई एस.के. मौर्य



यातायात को सुगम और सरल बनाने के लिए यातायात अधिकारी पूर्ण रूप से प्रयास रत है, एक व्यवस्थित यातायात के लिए हम सबको सड़क पर चलते समय नियमों का पालन करने की आवश्यकता है, अकसर देखा गया है की छोटे वाहन जल्दबाजी में बड़े वाहनों को ओवरटेक करने में दुर्घटना ग्रस्त हो जाते है,ये बड़ी लापरवाही है जिससे बचाव संभव है पर इसके लिए सजग रहने की आवश्यकता है, साथ ही कुछ बड़े वाहन चालक पेपर निरक्षण के दौरान अभद्रता पर उतर आते है, एसे में मोटर मालिक को शख्त होने की जरूरत है, वाहन चलाते समय नियमों के पालन करें।



अजीत सिंह (tsi)

वाहन चालकों को निरंतर जागरूक करने का प्रयास करते हैं टी एस आई अजीत सिंह जब आप से मुलाकात हुई तो आपके भी विचार अत्यंत सराहनीय रहे, चौराहे पर गुजरते वाहन चालकों को रोक कर उन्हें जागरूक करते वे अक्सर नज़र आ जाते है, क्योंकि सड़क में वाहन चालक जो लापरवाही बरतते हैं उसकी वजह से कहीं ना कहीं सामने वाला भी आहत होता है वाहन चलाते समय लापरवाही बिल्कुल न बरतें सुरक्षित घर पहुंचे यातायात नियमों का पालन करें,शराब पीकर वाहन न चलायें,गलत दिशा में चलने से बचें।










प्रदीप शर्मा (tsi)

# ई रिक्शा व छोटे सवारी वाहन एक बड़ी चुनौती

चौराहों पर यातायात व्यवस्था सुगम हो जिसके लिये हमारी भूमिका के साथ-साथ आपकी भूमिका भी माएने रखती है,लोगो को कभी कभी यातायात पुलिस का व्यवहार बहुत गलत लगता है, लेकिन एक बार सोच कर देखिये हम अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए सर्दी और गर्मी बिलकुल नहीं देखते, बस एक ही प्रयास रहता है की यातायात को व्यवस्थित कर सके,बाधित यातायात के कई कारण है जिसमे मुख्य रूप से सड़क पर चलने वाले ई-रिक्शा और छोटे सवारी वाहन चालकों का सजग न होना, क्योंकि जल्दबाजी के चलते हैं ये तो लापरवाही का शिकार होते ही हैं साथ में लोगों को भी करते हैं तो मेरा उनसे निवेदन है कि वाहन चलाते समय लापरवाही ना बरते हैं सामने वाले को भी मौका दें|

# अभिभावकों व विद्यालय प्रबंधन को भी ध्यान देने की आवश्यकता है

शहर के समस्त वाहन चालकों से मैं निवेदन करूंगा की वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें, संस्था द्वारा चलाई जा रही इस मुहिम को मेरी ओर से बहुत बहुत शुभकामनाएं, मेरा एक सुझाव यह भी है कि यातायात जागरूकता हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी सक्रियता दिखाने की बहुत ही आवश्यकता है क्योंकि युवा वाहन चालक जिस तरीके से वाहन को संचालित करते हैं उस वजह से दुर्घटना की संभावना अत्यधिक हो जाती है तो मेरा सभी युवा वर्ग से व उनके परिजनों से एक निवेदन है की 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन बिल्कुल ना दें | स्कूल प्रबंधन को भी सजगता दिखाने की आवश्यकता है यातायात सम्बंधित जानकारियों को बच्चों के साथ शेयर अवश्य करें|



आर.के.तोमर (tsi)

BAKSHI eye care & opticals
बक्शी आई केयर & ऑप्टिकल्स
प्लाट नं. 33, अर्रा रोड, योगेन्द्र विहार, खाडेपुर (पानी टंकी के पास) कानपुर (उ.प्र.)
अलोक प्रताप बक्शी
D.R. OPT (LKW) CCLP (Aligarh)
M.: 7275679021

# सहायता मित्र हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम शीघ्र संचालित किये जाएंगे



**कमल कटियार**
**(राष्ट्रीय अध्यक्ष)**
**वरदान फाउंडेशन**

मैं कमल कटियार (राष्ट्रीय अध्यक्ष वरदान फाउंडेशन) संस्थान के सभी सदस्यों व परिवार से जुड़े संरक्षकों का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं साथ ही संस्थान द्वारा चलाए जा रहे इस महा अभियान में आप सभी का समर्थन सराहनीय है,संस्थान प्रयास कर रहा है की दुर्घटनाओं को रोकने हेतु यातायात प्रशिक्षण कार्यक्रम भी संचालित किए जाएं, क्योंकि प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से ही यातायात संबंधी जानकारीयों से युवाओं को अवगत कराया जाए ताकि युवाओं में भी यातायात नियमों के प्रति जागरूकता हेतु सतर्कता बनी रहे, साथ ही प्रशिक्षण कार्यक्रम में युवाओं को रोजगार परक प्रशिक्षण उपरांत हम प्रयास करेंगे कि रोजगार का भी सृजन किया जाए ताकि बेरोजगारी के आंकड़ों को भी कमी करने में संस्थान अपना योगदान दे सके |प्रशिक्षण कार्यक्रम में युवाओं को यातायात से संबंधित प्रशिक्षण कराने के उपरांत शहर के मुख्य एवं व्यस्त चौराहों पर नियुक्त कर यातायात पुलिस को सहयोग के रूप में सहायता प्रदान करेंगे |जिससे शहर का यातायात सुगम और व्यवस्थित हो सके | **धन्यवाद**




## दिशा में वाहन का संचालन यातायात में बड़ी बाधा।

रामादेवी चौराहे पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सजगता दिखाते tsi आशीष पाण्डेय। जागरूकता हेतु निरंतर प्रयास करते आ रहे है। किंतु अतिक्रमण व गलत दिशा में वाहन संचालन भी एक बड़ी बाधा है। जिसके लिए वे सदैव रेड़ी वालों व ऑटो चालकों को जागरूक करते नजर आते है। लेकिन मेहनत के परिणाम संतोष जनक नही दिखे। अतिक्रमण करने वालों को भी सजग होने की आवश्यकता है।

**टी एस आई आशीष पाण्डेय**






**रामादेवी चौराहे पर चलाया गया सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत यातायात जागरूकता अभियान**

**कृष्णा शर्मा लखनऊ सुपरफास्ट कानपुर।** कानपुर नगर के व्यस्ततम चौराहे रामादेवी पर यातायात पुलिस द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान। अभियान का उद्देश्य मात्र यह है कि सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। साथ ही वाहन चालकों को लापरवाही न बरतने हेतु सजग किया गया । सड़क सुरक्षा पखवाड़ा जो की 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक आयोजित किया जाना है जिसमें आज टीएसआई आशीष पांडे, सर्किल प्रभारी टीएसआई राजीव कुमार द्वारा संयुक्त अभियान के तहत ब्लैक फिल्म लगी गाड़ियों की फिल्म हटाकर उन्हें जागरूक की गया व वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर भी लगाए गए। सीट बेल्ट व हेलमेट को लेकर भी अभियान चला। साथ ही वाहन चालकों को ड्रिंक एंड ड्राइव के लेकर जागरूक किया गया।

PRO INDIA T.V News & Entertainment Pvt. Ltd.

खुलासा कानपुर

ak NEWS

# "पहल"जागरूकता ही विकल्प : VTH





सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत एमआई पब्लिक स्कूल सरसौल ने किया वरदान फाउंडेशन द्वारा आयोजित पहल प्रतियोगिता का आयोजन। सड़क सुरक्षा थीम पर हुनरमंद बच्चों ने उकेरी अपने रंगों की बहुमुखी प्रतिभा।




वरदान फाउंडेशन द्वारा *पहल* (सड़क सुरक्षा थीम पर आधारित) कला प्रतियोगिता का आयोजन सरसौल ब्लॉक स्थित एमआई पब्लिक स्कूल में किया गया । प्रतियोगिता मैं प्रतिभाग करने वाले बच्चों ने अपनी प्रतिभा को रंगो के माध्यम से कार्ड शीट पर उकेरा और समाज को दुर्घटना मुक्त करने के लिए जागरूकता संदेश दिया। प्रतिभागियों का चयन विद्यालय प्रबंधन कमेटी एवं अमित गुप्ता ब्लॉक कोऑर्डिनेटर वरदान फाउंडेशन द्वारा प्रतिभाग करने वाले बच्चों चयनित किया गया। प्रथम रहे अनद खान, द्वितीय दीपांशु प्रजापति, तृतीय रितुका वर्मा व अन्य प्रतिभाग करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र वह सांत्वना पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया। विद्यालय प्रबंधन कमेटी द्वारा प्रधानाचार्य महोदय जी ने संस्थान द्वारा आयोजित *पहल* कला प्रतियोगिता के लिए अमित गुप्ता जी का धन्यवाद किया व सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वरदान फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और स्कूल में यातायात जागरुकता कार्यक्रमों के संबंध में समर्थन प्रदान करने का आश्वासन भी प्रदान किया। अमित गुप्ता जी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर द्वारा अवगत कराया गया कि वरदान फाउंडेशन निरंतर सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रमों को संचालित करती चली आ रही है साथ ही प्रोजेक्ट पहल के माध्यम से स्कूल कोचिंग कॉलेजेस व अन्य प्रशिक्षण संस्थानों में कला,जी.के. व ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता का आयोजन जो कि सड़क सुरक्षा थीम पर आधारित होगी। ऐसी प्रतियोगिताओं के संचालन से समाज में युवा वर्गों में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बनी रहे। ऐसे प्रयासों के साथ संस्थान निरंतर कार्य कर रहा है और आशा करता है कि समाज में होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आम- जन मानस का जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि जागरूकता ही सुरक्षा का सबसे बड़ा विकल्प है।

## आभार

**प्रिय मित्र व सहयोगीगण,**

हम आभार व्यक्त करते हैं अपने समर्थकों का व सहयोगियों का क्योंकि आपके प्रोत्साहन से ही हमें शक्ति मिलती है कि हम समाज को दुर्घटना मुक्त बनाने हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम निरंतर संचालित कर सकें हम प्रयासरत हैं कि सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के नेतृत्व में संपूर्ण भारत वर्ष में जहां तक संभव हो सके प्रत्येक जिले में 10 लाख लोगों को यातायात नियमों के पालन हेतु शपथ ग्रहण अभियान में जोड़ सके सड़क दुर्घटनाओं के बढ़ते आंकड़े कम करने हेतु आपके सहयोग के लिए संस्थान आपका आभार व्यक्त करता है आपका मार्गदर्शन हमें निरंतर मिलता रहे ऐसी अपेक्षा के साथ संस्थान स्मारिका के माध्यम से समाज को जागरुक कर व सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं के कुछ कारणों को विभाग से अवगत कराने हेतु प्रयासरत है ताकि उन कारणों पर उचित कार्रवाई हो सके ताकि यातायात सुगम और दुर्घटना मुक्त समाज बनाने का सपना सार्थक हो सके |

**कृष्णा शर्मा**
(महासचिव)
वरदान फाऊंडेशन
(प्रदेश संगठन मंत्री)
राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद

## सदस्यता प्रपत्र

मैं.............................................पुत्र श्री ..............................................
निवासी .........................................................................................
संस्था वरदान फाउंडेशन द्वारा संचालित जागरूकता अभियान से जुड़कर मैं भी समाज को जागरूक करने हेतु सामाजिक कार्य करने की इच्छा रखता हूं, ताकि दुर्घटनाओं को कम करने में मैं भी योगदान कर सकूं| जिसके लिए मैं स्वेछा से संस्थान को सहयोग व सदस्यता के रूप में अनुदान राशी ........... रुपए प्रदान करता हूं|

पत्राचार व सहयोग हेतु-

VARDAAN FOUNDATION


Vardaan FOUNDATION

Postal address - 253 a barra - 6 ,Kanpur 208027
Corp off - G-898/8 gujaini,Kanpur-208022
Email id - vthindia7@gmail.com
Website - www.vthindia.com
Helpline - 9580192336,7518680310

कोशिश त्रैमासिक पत्रिका वरदान फाउंडेशन द्वारा प्रकाशित व प्रसारित

# संस्थान द्वारा आयोजित पहल कला प्रतियोगिता के कुछ अंश


























**सड़कों पर चलने वाले सभी लोगों को सड़क पर लगे यातायात के चिन्ह के बारे में जरूर पता होना चाहिए।** क्योंकि इससे आप स्वयं के साथ दूसरों को भी सड़क दुर्घटनाओं से बचा सकते हैं। **यातायात के नियम सांकेतिक चिन्ह** के बारे में सूक्ष्म जानकारी शेयर की है। यह आपको काफी मदद करेगा यदि आप एक ड्राइवर है या फिर ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना चाहते हैं।सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा के लिए बहुत सारे यातायात के नियम बनाये हैं। इन नियमों का पालन करते हुए यदि हम वाहन चलाते है, तो सड़क दुर्घटना होने की सम्भावना बहुत कम रहती है। परन्तु यदि हम यातायात नियमों का उल्लघन करते है, तो ऐसी स्थित में सड़क दुर्घटना यानी एक्सीडेंट होने की सम्भावना काफी ज्यादा बढ़ जाती है।

## सड़क पर लगे यातायात के चिन्ह मुख्य रूप से 3 तरह के होते हैं:

### (1) आदेशात्मक सड़क चिन्ह वे जो आदेश देते हैं |




आदेशात्मक

**आदेशात्मक सड़क चिन्ह** गोलाकार व लाल रंग के होते हैं। ये ऐसे Road Signs हैं जिनका पालन करना अत्यंत जरूरी होता है। अगर इन Road Signs को अनदेखा किया जाए तो इसका परिणाम खतरनाक होता है। इसलिए इन चिन्हों को **आदेशात्मक सड़क चिन्ह (Mandatory Road Signs)** कहा जाता है।

### (2) सचेतक सड़क चिन्ह वे जो संकेत या चेतावनी देते हैं।



सचेतक

**सचेतक चिन्ह** वाहन चालक को आगे की सड़क और खतरों के बारे में चेतावनी देने के लिए होते हैं। सभी ड्राइवर को अपनी सुरक्षा के लिए इन चिन्हों का पालन अवश्य करना चाहिए। सचेतक सड़क चिन्ह (Cautionary Road Signs) का उल्लंघन करने पर वैसै कोई कानूनी कार्यवाही नहीं होती है, किंतु इन चिन्हों को अनदेखा करने पर बड़ी दुर्घटनाएं होने का संभावना होती है। सचेतक सड़क चिन्ह (Cautionary Road Signs) त्रिकोणीय आकृति में व लाल किनारे वाले होते हैं।

### (3) सूचनात्मक सड़क चिन्ह जो सूचना प्रदान करते हैं।




सूचनात्मक

**सूचनात्मक सड़क चिन्ह (Informatory Road Signs)** सड़क पर चलने वालों को दिशा, गंतव्य, स्थान, और सड़क के किनारे पर सुविधाओं आदि की जानकारी प्रदान करते हैं। और इन चिन्हों के देखकर ड्राइवर अपने कीमती समय को बचाते हैं और अपने गंतव्य पर आसानी से पहुँच जाते हैं। आमतौर पर सूचनात्मक सड़क चिन्ह हरे व नीले रंग के होते हैं।

सभी चिन्ह अलग-अलग रंग व आकार के होते हैं- जैसे गोलाकार चिन्ह आदेशात्मक होते हैं, त्रिकोणीय चिन्ह चेतावनी देते हैं और आयताकार चिन्ह सूचना प्रदान करने वाले होते हैं।




## जानने योग्य बातें

### नेक मददगार योजना

दुर्घटना होने पर घायल व्यक्ति को तुरंत विशेष समयावधि 1घंटे के अंदर अस्पताल में पहुँचाने के समय को गोल्डेन ऑवर (Golden Hour) कहते है। इस समय के दौरान उसको सहायता पहुँचाने पर घायल की जिंदगी बचायी जा सकती है।

यदि नेक व्यक्ति (गुड सेमेरिटन) द्वारा सीधे पुलिस को सूचना देकर दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल, ट्रामा सेंटर ले जाकर जान बचाई जाती है तो पुलिस द्वारा उनका पूर्ण पता, घटना का विवरण निर्धारित प्रारूप में लिख कर एक प्रति गुड सेमेरिटन को दी जाएगी एवं एक प्रति जिला अप्रेजल कमेटी को भेजी जाएगी। एक गुड सेमेरिटन द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाई जाती है तो उन्हें 5000 रूपये नगद प्रोत्साहन राशि दी जाती है। सड़क दुर्घटना में एक से अधिक गुड सेमेरिटन द्वारा एक व्यक्ति की जान बचाई जाती है तो प्रोत्साहन राशि ( 5 हजार रूपये) समान रूप से बांटी जाएगी। यदि एक मोटरयान सड़क दुर्घटना में एक से अधिक गुड सेमेरिटन द्वारा एक से अधिक गंभीर घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचा कर जान बचाते हैं तो प्रत्येक व्यक्ति को 5 हजार रूपये नगद प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। हर प्रोत्साहन राशि के साथ प्रशस्ति पत्र भी दिये जाऐंगे। समस्त व्यक्तियों से अपील की है कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों के प्रति जागरूक एवं निसंकोच रहकर घायलों को अस्पताल शीघ्र अतिशीघ्र पहुँचाने का कष्ट करें, ताकि समय रहते घायल व्यक्तियों को बचाया जा सके।












## जागरूकता ही विकल्प

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के नेतृत्व में संस्था वरदान फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे हैं इस महा अभियान को जमीनी स्तर पर समाज तक पहुंचाने के लिए मैं प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुप्ता निरंतर प्रयास कर रहा हूं साथ ही वाहन चालकों से मेरा निवेदन है कि वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें, दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों की अगर बात करें तो ओवर स्पीडिंग, नशे की हालत में वाहन चलाना, वाहन का मेंटेनेंस ना रखना एवं परिजनों की एक बहुत बड़ी गलती होती है की 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वह वाहन चलाने की अनुमति दे देते हैं जिससे आंकड़े यह दर्शाते हैं की दुर्घटनाओं में युवा वर्ग की बहुत ज्यादा क्षति हो रही है इसलिए मैं सभी से निवेदन करूंगा की 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों को वाहन बिल्कुल ना दें धन्यवाद।

## सुगम यातायात के लिए सभी का समर्थन आवश्यक: पवन सिंह चौहान



**पवन सिंह चौहान**
(प्रदेश उपाध्यक्ष) वरदान फाउंडेशन

संस्था वरदान फाउंडेशन द्वारा निरंतर समाज को जागरूक करने का प्रयास समस्त सदस्य मिलकर करते चले आ रहे हैं मैं प्रदेश उपाध्यक्ष पवन सिंह चौहान आप सभी से निवेदन करूंगा, की सुरक्षित घर से निकले और सुरक्षित ही घर पहुंचे। साथ ही अकसर देखने को मिलता है की यातायात पुलिस कर्मियों से कुछ लोग अभद्रता पर उतर आते हैं जो की बहुत ही गलत है। समझने की बात यह है कि यातायात पुलिस कर्मी सदैव सुगम यातायात व्यवस्था के लिए तपती धूप में, कड़ कड़ाती ठंड में हमेशा अपना योगदान देने के लिए तत्पर रहते है। मैं सभी यातायात पुलिस कर्मियों के कार्यों की सराहना करता हूं साथ ही हम प्रयास कर रहे है की शीघ्र ही सहायता मित्रों के माध्यम से यातायात पुलिस को भी सहयोग प्रदान कर सके। आप सभी से निवेदन करता हूं कि यातायात नियमों का पालन करें, दुर्घटनाओं से बचें एवं सड़क सुरक्षा अभियान में अपना समर्थन और सहयोग अवश्य प्रदान करें।

**अपनी नहीं तो अपनों की फ़िक्र करें , वाहन सावधानी से चलायें ।**












# संस्थान की कुछ उपलब्धियां

# वरदान फाउंडेशन
















## यातायात पुलिस एवं वरदान फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

**कृष्णा शर्मा कानपुर।** कानपुर नगर चकरपुर मंडी रोड पर पहलवान ट्रांसपोर्ट के पास समस्त बड़े वाहन चालकों को एकत्र कर यातायात पुलिस की टीम एवं स्वयंसेवी संस्था वरदान फाऊंडेशन के सदस्यों द्वारा समस्त ड्राइवर भाइयों को आने वाली सर्दी में वाहन चलाते समय बचाव एवं लापरवाहियां ना बरतने हेतु जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्यक्रम में वरदान फाऊंडेशन के महासचिव कृष्णा शर्मा द्वारा कुछ अहम मुद्दों पर चर्चाएं की गई जो की कारण हो सकते हैं सड़क में होने वाली दुर्घटना के। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत टीआई पश्चिम की अध्यक्षता में टीएसआई मुनेंद्र प्रताप सिंह व टीएसआई अजीत सिंह टीएसआई विनोद कुमार शुक्ला की मौजूदगी में स्वयंसेवी संस्था वरदान फाऊंडेशन टीम द्वारा चकरपुर मंडी पर ट्रक, टेंपो, ऑटो व अन्य चालकों को इकट्ठा कर







रिफ्लेक्टर टेप, सेफ्टी बेल्ट, मोबाइल वार्ता ,ब रोड लेन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया व यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया व गाड़ियों पर स्वयंसेवी संस्था द्वारा रिफ्लेक्टर टेप लगवाई गई।




## "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा"

**एक शपथ स्वयं की सुरक्षा के लिए**

**"मैं शपथ लेता हूँ कि मैं यातायात नियमों का पालन करूंगा।"**

**#VTH 1 M    # MISSION VTH**

## वरदान फाउंडेशन

**कोशिश...समाधान की,सुरक्षा की एवं जागरूकता की...**

**"जागो और जगाओ, यातायात नियम अपनाओ।"**

मुहिम के तहत आपके कुशल मार्गदर्शन व सहयोग हेतु संस्थान आपका आभार व्यक्त करता है।

**स्वतंत्रदेव सिंह**
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) परिवहन, प्रोटोकॉल, ऊर्जा (एम.ओ.एस.) विभाग, उत्तर प्रदेश

कक्ष सं० 88 - मुख्य भवन, उत्तर प्रदेश सचिवालय, लखनऊ
दूरभाष: 0522-2238412 (कार्या.)
0522-2239995 (आ.)
पी. एस.: 221330

पत्रांक: 1458V/ए/रा.मं.(स्व.प्र.)/परिवहन/2019 दिनांक: 09/09/2019

## शुभकामना सन्देश

समाजसेवी संस्था वरदान फाउंडेशन सड़क सुरक्षा जागरूकता, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार एवं विकास के कई क्षेत्रों में अपना विशेष योगदान कर रही है। यह संस्था अपनी उपसमिति वरदान टोटल हेल्प (VTH) द्वारा जनसामान्य में सड़क दुर्घटनाओं के कारणों एवं उनके निवारण हेतु कई कार्यक्रमों का आयोजन किया है। मुझे यह जानकर बड़ी प्रसन्नता और हर्ष है कि लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना समाज में एक नवीन और अनुकरणीय प्रयास है। मैं संस्था वरदान फाउंडेशन के सभी सदस्यों एवं टीम को हृदय की गहराइयों से शुभकामनाएं देता हूँ। संस्था इसी तरह से समाज में नए सामाजिक विचारों के साथ जागरूकता एवं सुधार के कार्यक्रम आयोजित करती रहे। मैं प्रदेशवासियों से अनुरोध करता हूँ कि संस्था द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा के कार्यक्रमों में अपनी सहभागिता दें।

(स्वतंत्र देव सिंह)

---

**सतीश पाल** (एडवोकेट)
(पूर्व राज्य मंत्री)

निवास :- 30-बी (8) सब्जीमण्डी, छेदी सिंह का पुरवा, वार्ड-2 कानपुर नगर
मो० 9415050267
0512-3234468

पत्रांक ........ दिनांक 26-08-19

वरदान फॉउण्डेशन के द्वारा दुर्घटनाग्रस्त लोगों की मदद के लिये किये जा रहे प्रयास अपने आप में अद्वितीय तथा विशेष प्रशंशनीय कार्य है यह एक अभिनव सोच है तथा दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को तत्काल चिकित्सा सुविधा एंव उसके परिजनो को सूचना देने का जो तन्त्र बनाया गया है वह पूरे हिन्दुस्तान में एक अलग तरीके का है वरदान फॉउण्डेशन के संस्थापक श्री कृष्णा शर्मा जी की सोच की तारीफ करनी होगी, साथ ही इस कार्य के साथ चिकित्सा, शिक्षा, रोजगार तथा अन्य क्षेत्रों में भी उनकी संस्था कार्य कर रही है मेरा उनको एक सुझाव है कि वह नशा जैसी भंयकर महामारी के खिलाफ भी कोई ऐसी योजना बनाये और इस पर भी कार्य करें एंवम लोगों को जागरूक करें ताकि वे नशे से दूर रह सकें।

मेरी शुभकामनायें उनके साथ हैं।

भवदीय
सतीश पाल
(पूर्व राज्यमंत्री)

---

क-5 No. 615169

अभिजीत सिंह 'सांगा'
विधायक

210-बिठूर विधानसभा
कानपुर नगर

## शुभकामना संदेश

संस्था वरदान फाउण्डेशन शिक्षा/चिकित्सा/रोजगार/विकास के क्षेत्र में कार्य कर रही है। साथ ही समाज में अपनी उपसमिति VTH (वरदान टोटल हेल्प) के माध्यम से जनमानस को जागरूक व यातायात दुर्घटनाओं में सुरक्षित व सहायता भी प्रदान कर रही है। मुझे हर्ष है कि ऐसी समाजसेवी संस्थायें जोकि समाज में कुछ अलग करने का प्रयास कर रही है। मेरी ओर से संस्था वरदान फाउण्डेशन के सदस्यों व सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनायें देता हूँ साथ ही मैं समय-समय पर संस्था का मनोबल व उत्साहवर्धन बढ़ाता रहूँगा एवं अपने क्षेत्रवासियों से अनुरोध करता हूँ। कि संस्था के उद्देश्यों से जुड़कर संस्था को अपना सहयोग प्रदान करें।

धन्यवाद।

अभिजीत सिंह 'सांगा'
विधायक
210, बिठूर, कानपुर नगर

अभिजीत सिंह 'सांगा'
विधायक-बिठूर विधानसभा
कानपुर नगर



















# दस लाख लोगों को यातायात नियमों के प्रति शपथ ग्रहण करायेगा : वरदान फाउंडेशन











# शिक्षित समाज, सुरक्षित समाज

## “एक प्रयास एक सपना, सड़क दुर्घटनाओं से मुक्त हो भारत देश अपना”